<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक – 21.12.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. विकसित भारत–जी राम जी विधेयक 2025 के लोकसभा से पारित होने पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने किया इसका स्वागत, कहा – यह विधेयक ग्रामीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।
2. झारखंड सरकार ने सभी जिलों के सदर अस्पतालों में चार–चार मोक्ष वाहन उपलब्ध कराने का दिया निर्देश, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने एक महीने में यह व्यवस्था लागू करने का दिया आश्वासन।
3. लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की रांची में हुई बैठक, नगर निकाय चुनाव और सदस्यता अभियान को लेकर संगठन को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा।
4. रांची में 26 दिसंबर से 4 जनवरी तक 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले की तैयारियां हुई शुरू, स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आयोजित।

और

5. मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार और लोहरदगा में ठंड को लेकर येलो अलर्ट किया जारी, रांची समेत 15 जिलों में घने कोहरे की जताई संभावना।

***************

विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी–जी राम जी विधेयक 2025 के लोकसभा से पारित होने पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल सहित स्थानीय लोगों ने इसका स्वागत किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह विधेयक ग्रामीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा, जिसमें मनरेगा की जगह अब 125 दिनों के वेतन रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी।

वहीं स्थानीय लोगों ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को गति मिलेगी।

***************

चाईबासा में शिशु के शव को झोले में ले जाने की घटना के बाद झारखंड सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए सभी जिलों के सदर अस्पतालों में चार–चार मोक्ष वाहन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने एक महीने के अंदर इस व्यवस्था को लागू करने के आदेश दिए हैं, जिस पर करीब 15 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में संवेदनशीलता और संरचनात्मक सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।

***************

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने आज रांची में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों और जिलों से आए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में नगर निकाय चुनाव और पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन के विस्तार और मजबूती पर मंथन किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश स्तर पर तैयार की गई सूची को विचार–विमर्श के बाद आगे बढ़ाया जाएगा।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा 2026' के नौवें संस्करण के लिए अब तक 1 करोड़ 27 लाख 38 हजार 536 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 11 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम में "परीक्षाओं को उत्सव बनाएं", "हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान", "पर्यावरण बचाएं" और "स्वच्छ भारत" शामिल हैं।

***************

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने व्हाट्सऐप अकाउंट को हैक करने के लिए घोस्ट पेयरिंग नाम के एक साइबर कैंपेन का इस्तेमाल करने की चेतावनी जारी की है।

***************

सिमडेगा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार और जिला प्रशासन की ओर से मेगा लीगल एंपावरमेंट कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बाल विवाह रोकथाम और साइबर क्राइम को लेकर जागरूकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के तहत परिसंपत्तियों का वितरण, विभागीय स्टॉलों का अवलोकन और महिलाओं की गोद भराई सहित पोषण जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी ने ऑनलाइन संबोधन में बाल विवाह को कानूनन अपराध बताते हुए इसके दुष्परिणामों से सतर्क रहने की अपील की।

जबकि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा ने योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।

***************

रांची के जिला स्कूल मैदान में 26 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित होने वाले 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले की तैयारियां आज शुरू हो गईं। इस मेले में देश के प्रमुख प्रकाशकों की सहभागिता के साथ स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस मेले में एक ही छत के नीचे हिंदी और अंग्रेजी पुस्तकों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध रहेगी और यह प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 7.30 बजे तक पाठकों के लिए खुला रहेगा।

***************

मौसम विभाग ने कल सुबह तक गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार और लोहरदगा में ठंड को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि रांची समेत राज्य के 15 जिलों में घने कोहरे की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार गुमला, हजारीबाग, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा और रांची में शीतलहर जैसे हालात हैं, जहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने घने कोहरे के कारण दृश्यता में कमी और ठंड बढ़ने की संभावना जताई है।

*******समाप्त********